Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding clarification over acquisition of land for expansion of K K range in Ahmednagar.

डॉ. सुजय विखे पाटील (अहमदनगर): अध्यक्ष महोदय, धन्यवाद कि आपने मुझे शून्य काल में बोलने के लिए मौका दिया । मैं सरकार और रक्षा मंत्रालय का ध्यान एक बहुत संवेदनशील मुद्दा, जो किसानों से जुड़ा हुआ है, उसकी तरफ आकर्षित करना चाहूंगा । मेरे संसदीय क्षेत्र में के.के.रेंज में सन् 1956 से लगभग 40 हजार हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया गया था, जिसका उपयोग भारतीय सेना के फील्ड एंड आर्टिलरी प्रैक्टिसेज के लिए किया जाता है । सन् 1980 में तेजगांव में 25619 हेक्टेयर अतिरिक्त जमीन भी इस रेंज के विस्तार के लिए नोटिफाइ की गई थी । वर्ष 2005 में इस क्षेत्र को रेडज़ोन भी घोषित किया गया है, जिसके कारण उस क्षेत्र में कोई विकास का कार्य नहीं हो सकता है । इसी क्षेत्र के 23 गांवों से प्रभावित किसान, जिनकी जमीन इस रेंज के लिए नोटिफाई की गई है, उनमें बहुत आक्रोश है और वे अपनी भूमि के प्रस्तावित अधिग्रहण के खिलाफ हैं । मैं आपके माध्यम से इस मुद्दे का समाधान प्रदान करने के लिए सरकार से अनुरोध करता हूं कि किसानों के आक्रोश को शांत करने के लिए भूमि अधिग्रहण के संबंध में सरकार का निर्णय क्या है और साथ ही अधिग्रहण के संदर्भ में स्पष्टीकरण जारी करने की भी व्यवस्था करें ।